# ऊर्जा संक्रमण और सुरक्षा में संतुलन

## प्रलिम्सि के लयि:

[आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25, केंद्रीय बजट 2025-26, ऊर्जा सुरक्षा, कोयला, प्राकृतिक गैस, UNFCCC COP-29, नवीकरणीय ऊर्जा, महत्त्वपूर्ण खनिज, यूरोपीय संघ, REPowerEU प्लान, राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन, परमाणु ऊर्जा मिशन], [स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR)], [भारत स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (BSMR), प्रेशराइज़्ड हैवी वाटर रिएक्टर (PHWR)।]

## मेन्स के लयि:

ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में कोयले की भूमिका, ऊर्जा संक्रमण में कोयला और नवीकरणीय ऊर्जा में संतुलन।

**[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]**

## चर्चा में क्यों?

[आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25] भारत की **ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास** के लिये एक **विश्वसनीय और किफायती** ऊर्जा स्रोत के रूप में कोयले के निरंतर महत्त्व पर प्रकाश डालता है।

- एक अन्य घटनाक्रम में, [केंद्रीय बजट 2025-26] में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कुछ पहलों की घोषणा की गई।

## ऊर्जा सुरक्षा क्या है?

- **ऊर्जा सुरक्षा:** [ऊर्जा सुरक्षा] **से तात्पर्य एक विश्वसनीय, सतत् और सस्ती ऊर्जा प्रणाली** को बनाए रखने की क्षमता से है जो व्यक्तियों, उद्योगों और सरकारों की आवश्यकताओं को पूरा कर सके।
- **अवयव:**
  - **उपलब्धता:** मांग को पूरा करने के लिये **विविध स्रोतों** से विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति।
  - **सुगम्यता: दूरदराज के क्षेत्रों सहित** सभी तक ऊर्जा पहुँचाने के लिये बुनियादी ढाँचा।
  - **वहनीयता**: उपभोक्ताओं और उद्योगों के लिये स्थिर, **लागत प्रभावी ऊर्जा कीमतें।**
  - **स्थिरता**: दीर्घकालिक पर्यावरण संतुलन के लिये स्वच्छ, कुशल ऊर्जा उपयोग।
- **महत्त्व:** यह दैनिक **ऊर्जा मांगों को पूरा करने** तथा कृषि और विनिर्माण जैसे प्रमुख क्षेत्रों को सहयोग प्रदान करने हेतु आवश्यक है।
  - **आर्थिक विकास**: औद्योगिक विकास और उत्पादकता को बढ़ावा देता है।
  - **राजनीतिक स्थिरता**: ऊर्जा की कमी से उत्पन्न अशांति को रोकती है।
  - **सतत् विकास**: भविष्य के लिये स्वच्छ ऊर्जा सुनिश्चित करता है।
  - **खाद्य सुरक्षा**: कृषि के लिये आवश्यक, खाद्य उत्पादन, वितरण और कीमतों को प्रभावित करती है।
- **ऊर्जा सुरक्षा को प्रभावित करने वाले कारक:**
  - **भौतिक कारक**: जीवाश्म समृद्ध क्षेत्रों में ऊर्जा सुरक्षा बेहतर है, जबकि अन्य क्षेत्रों को अभाव की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।
  - **लागत** : गैर-नवीकरणीय संसाधनों के ह्रास से निष्कर्षण लागत और ऊर्जा की कीमतें बढ़ जाती हैं।
  - **प्रौद्योगिकी**: प्रगति ने नवीकरणीय ऊर्जा को व्यवहार्य बना दिया है, लेकिन पर्यावरणीय प्रभावों पर भी विचार किया जाना चाहिये।
  - **राजनीतिक कारक**: भू-राजनीतिक तनाव और संघर्ष ऊर्जा आपूर्ति को बाधित कर सकते हैं।


## भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिये कोयला क्यों महत्त्वपूर्ण है?

- **विशाल कोयला भंडार:** भारत में **विश्व के** [कोयला भंडार] **का 10% हिस्सा है, लेकिन** [प्राकृतिक गैस] **भंडार का केवल 0.7% ही है,** जिससे कोयला देश में सबसे विश्वसनीय और किफायती ऊर्जा स्रोत बन गया है।

- **आर्थिक व्यवहार्यता: कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों में,** विशेष रूप से **2010 के दशक के दौरान, महत्त्वपूर्ण** निवेश किया गया है, तथा उनके समय से पूर्व बंद हो जाने से उनका **उपयोग कम हो जाएगा तथा वे अनुपयुक्त** हो जाएंगे।
- **जलवायु वित्तपोषण: बाकू, अज़रबैजान** में आयोजित **UNFCCC COP 29** में विकसित देशों ने वार्षिक जलवायु वित्तपोषण के लिये केवल **300 बिलियन अमेरिकी डॉलर** का वादा किया, जो आवश्यक **1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर** से कम है।
    - परिणामस्वरूप भारत को अपने जलवायु लक्ष्यों में संशोधन करना पड़ सकता है तथा कोयले पर अपनी निर्भरता बनाए रखने के लिये बाध्य होना पड़ सकता है।
- **नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़ी चुनौतियाँ:** सौर और पवन जैसे **नवीकरणीय ऊर्जा** स्रोतों को निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है:
    - **ग्रिड एकीकरण के लिये उच्च निवेश**
    - रुकावट को प्रबंधित करने के लिये **बैटरी भंडारण** से संबंधित समस्याएँ।
    - नवीकरणीय ऊर्जा प्रतिष्ठानों के लिये सघन आबादी वाले क्षेत्रों में **भूमि की उपलब्धता सीमित** है।
    - नवीकरणीय प्रौद्योगिकी के लिये **महत्त्वपूर्ण खनिजों** की आवश्यकता है, जो भारत में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं।
- **भू-राजनीतिक जोखिम:** नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियाँ प्रायः **आयातित सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों** पर निर्भर करती हैं, जिससे भारत की बाहरी भू-राजनीतिक जोखिमों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है, तथा **ऊर्जा स्वतंत्रता और राष्ट्रीय सुरक्षा** को बढ़ावा मिलता है।
- **विकसित देशों से सबक:** अतीत में ऊर्जा परिवर्तन **वाणिज्यिक हितों** से प्रेरित थे, न कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से **उत्सर्जन को सीमित करने** की इच्छा से।
    - **फ्राँस ने 1970 के दशक में** **तेल प्रतिबंधों** के कारण अपनी परमाणु शक्ति का विस्तार किया, जबकि 2022 में **यूरोपीय संघ ने रूसी गैस आपूर्ति** पर निर्भरता कम करने के लिये **REPowerEU योजना** शुरू की।
    - वर्ष 2023 में, अमेरिका ने **अलास्का में अपनी सबसे बड़ी तेल-ड्रिलिंग परियोजना** को मंज़ूरी दी, जिससे यह उजागर हुआ कि विकसित देश भी **जीवाश्म ईंधन पर निर्भर** हैं।
- **संकुलन लागत:** नवीकरणीय ऊर्जा की ओर संक्रमण से **संकुलन लागत (Congestion Costs)** आती है और इसके कारण कई देशों में **विद्युत की कीमतें बढ़ गई** हैं।
    - संकुलन लागत (Congestion Costs) से तात्पर्य **सीमित पारेषण या वितरण क्षमता** से उत्पन्न **अतिरिक्त लागत** से है, जो विद्युत वितरण को अकुशल बनाती है।

## भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थिति

- **संस्थापित क्षमता:** नवंबर 2024 तक, भारत में गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से **213,701 मेगावाट** विद्युत उपलब्ध है, जो कुल विद्युत क्षमता का **46.8%** है।
    - भारत का लक्ष्य **वर्ष 2030 तक 50%** विद्युत उत्पादन **गैर-जीवाश्म ईंधन** से करने का है।
- **प्रगति:** वर्ष 2022-23 में, **420.8 हज़ार GWh** गैर-जीवाश्म ईंधन से आया, जिसने कुल उत्पादन में **22.8%** का योगदान दिया।
    - **बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं** का योगदान **8.81%** है, **परमाणु ऊर्जा** का योगदान **2.49%** है, तथा **सौर, पवन, बायोमास का योगदान 11.52%** है।




## केंद्रीय बजट में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र हेतु कौन-सी घोषणाएँ की गई हैं?

- **सीमा शुल्क छूट: कोबाल्ट पाउडर, लिथियम-आयन बैटरी स्क्रैप, सीसा, जस्ता** और 12 अन्य क्रांतिक खनिजों को **मूल सीमा शुल्क से छूट** प्रदान दी गई है।
  - जुलाई 2024 में **घरेलू स्तर पर उपलब्ध न होने वाले 25 क्रांतिक खनिजों को सीमा शुल्क से छूट दी गई।**
- **नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन (NCMM): प्रौद्योगिकी विकास**, कुशल कार्यबल सृजन और स्वच्छ ऊर्जा हेतु **वित्तपोषण तंत्र के लिये** NCMM को वर्ष **2025-26** के लिये 410 करोड़ रुपए आवंटित किये गए।
  - **खान मंत्रालय** के अंतर्गत NCMM का उद्देश्य **घरेलू उत्पादन को बढ़ाना**, **क्रांतिक खनिजों का पुनर्चक्रण करना** और **वैश्विक खनिज परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करना है**।
- **परमाणु ऊर्जा मिशन: परमाणु ऊर्जा मिशन के लिये 20,000 करोड़ रुपए** का बजट आवंटित किया गया है, जिसका उद्देश्य **स्वदेशी लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR)** विकसित करना है।
  - इसका लक्ष्य वर्ष **2033 तक कम से कम पाँच SMR रिएक्टरों का परिचालन करना है।**
  - भारत लघु रिएक्टर (BSR) और भारत लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (BSMR) के विकास में निजी क्षेत्र को शामिल किया जाएगा।
    - **BSR** का तात्पर्य भारत के मौजूदा दाबित भारी जल रिएक्टरों (PHWR) **के क्रमिक रूप से संशोधित रूपों से है**, जबकि **BSMR** एक **नई तकनीक है** जिस पर विश्व स्तर पर शोध किया जा रहा है।

## भारत के ऊर्जा संक्रमण को आकार देने वाली पहलें कौन-सी हैं?

- [(हाइब्रिड एवं) इलेक्ट्रिक वाहनों को तेज़ी से अपनाना और उनका विनिर्माण (FAME)]
- [प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (SAUBHAGYA)]
- [ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर (GEC)]
- [राष्ट्रीय सौर मिशन (NSM)]
- [राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति और SATAT]
- [अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)]

## निष्कर्ष

भारत का ऊर्जा संक्रमण **क्रमिक और रणनीतिक** होना चाहिये, जिसमें **नवीकरणीय ऊर्जा** को अपनाने और **ऊर्जा सुरक्षा के बीच संतुलन** बनाना शामिल है। हालाँकि कोयला **महत्त्वपूर्ण** बना हुआ है किंतु नवीकरणीय ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और क्रांतिक खनिजों में निवेश किया जाना **आवश्यक** है। वैश्विक अनुभवों से सीख लेते हुए, भारत को वर्ष 2070 तक अपने नेट-ज़ीरो लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए ऊर्जा **संवहनीयता, स्थिरता और आत्मनिर्भरता** सुनिश्चित करनी चाहिये।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

**प्रश्न.** भारत के निम्न-कार्बन ऊर्जा भविष्य की ओर बदलाव में चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा कीजिये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

### ??????????:

**प्रश्न. भारत की जैव-ईंधन की राष्ट्रीय नीति के अनुसार, जैव-ईंधन के उत्पादन के लिए निम्नलिखित में से किनका उपयोग कच्चे माल के रूप में हो सकता है? (2020)**

1. कसावा
2. क्षतिग्रस्त गेहूँ के दाने
3. मूँगफली के बीज
4. कुलथी
5. सड़ा आलू
6. चुकंदर

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1, 2, 5 और 6
(b) केवल 1, 3, 4 और 6
(c) केवल 2, 3, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4, 5 और 6

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. भारत में इस्पात उत्पादन उद्योग को निम्नलिखित में से किसके आयात की अपेक्षा होती है? (2015)**

(a) शोरा
(b) शैल फॉस्फेट (रॉक फॉस्फेट)
(c) कोककारी (कोकिंग) कोयला
(d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर: (d)**

---

### ??????

**प्रश्न. पारंपरिक ऊर्जा उत्पादन के विपरीत सूर्य के प्रकाश से विद्युत ऊर्जा प्राप्त करने के लाभों का वर्णन कीजिये। इस प्रयोजनार्थ हमारी**

**सरकार द्वारा प्रस्तुत पहल क्या हैं? (2020)**

**प्रश्न. "प्रतकिूल पर्यावरणीय प्रभाव के बावजूद, वकिास के लयि कोयला खनन अभी भी अपरहिार्य है"। वविचना कीजयि। (2017)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/balancing-energy-transition-security